हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितम्बर 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा में चिल्हाटी में चलाया स्वच्छता अभियान



**कोरर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोरर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्हाटी के नयापारा प्राथमिक शाला परिसर एवं आसपास की साफ सफाई के साथ तालाब एवं पेयजल परिपर की सफाई तथा फलदार, छायादार, औषधि गुणों से युक्त पौधे भी रोपे गए। उपरोक्त कार्यों के लिए स्वयं सेवकों को दल विभाजन कर कार्य वितरण करते हुए दल नायक नियुक्त किया गया ताकि स्वयं सेवको के अंदर नेतृत्व क्षमता विकसित किया जा सके। इस उद्देश्य के साथ महात्मा गांधी दल, रानी लक्ष्मीबाई दल, भगत सिंह दल, विवेकानंद दल का गठन किया तथा दल के नायक ने अपने-अपने कार्यो को पुर्ण करते हुए लक्ष्य प्राप्त किया। स्वच्छता कार्यक्रम के समापन उपरांत स्वयंसेवक सहित ग्रामीण जनों ने स्वच्छता शपथलिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चिल्हाटी सरपंच कुंवर सिंह नेताम, प्रभारी शिक्षक डेविड गिलहरे, शत्रुघन पोया, प्राचार्य शिवराज टांडिया, जनक राम कोमरा एवं ग्रामीण जनों ने रासेयो के स्वयं सेवकों की कार्यों की सराहना की। मंच संचालन राजेंद्र नेताम ने किया एवं आभार प्रदर्शन दुष्यंत सोनकर ने किया।

### हराडुला में 30 वें वर्ष भी मनाएंगे नवरात्रि पर्व

**चारामा।** श्रीश्री नवदुर्गा उत्सव समिति ग्राम हराडुला में लगातार 30 वें वर्ष भी नवरात्रि का उत्सव मनाया जाएगा। समिति के द्वारा 22 सितंबर से 30 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें 22 को कलश स्थापना एवं रात्रि में स्कूलीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 23 को सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोककला मंच रंग झांझर ग्राम बटरेल जिला दुर्ग, 24 को रामधुनी मंडली देवपुर डोंगापथरा धमतरी, 25 को दो दिवसीय जय गुरुदेव हरि कीर्तन मंडली छिधोली जिला महासमुंद कीर्तन कर्ता तुलाराम चौहान का आयोजन किया जाएगा। ग्राम में त्रि दिवसीय सस्वर संगीतमय मानस गान सम्मेलन का आयोजन 27 से 29 सितंबर तक किया जाएगा, जिसमें प्रथम दिवस संगीतमय मानसगान का शुभारंभ किया जाएगा। 30 सितंबर को अष्टमी हवन एवं रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर माया के छांव ग्राम सराधू नवागांव एवं 01 अक्टूबर बुधवार को नौ कन्या का भोज, कलश विसर्जन, प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### डे नाइट कब्बडी प्रतियोगिता 23 को

**चारामा।** ब्लॉक के ग्राम पदमपुर में प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी नवरात्री के पावन पर्व में एक दिवसीय डे नाईट कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन शीतलापारा में शीतला मंदिर के मैदान में 23 सितबंर मंगलवार को आयोजित किया जाएगा।

### संभागस्तरीय काव्यपाठ स्पर्धा का आयोजन होगा 24 को

**कोण्डागांव।** रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग रायपुर द्वारा संभाग स्तरीय काव्य–पाठ प्रतियोगिता का आयोजन जगदलपुर स्थित इंदिरा स्टेडियम में 24 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी ऑनलाइन वेबसाइट पर पंजीयन कर सकते हैं।

**बैठक : कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम ने की**

# बैठक में सांसद खेल महोत्सव के तैयारी की समीक्षा की, आनलाइन पंजीयन आज तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के लिए 19 सितंबर को जनपद पंचायत के सभा कक्ष में भानुप्रतापुर और दुर्गुकोंदल ब्लाक के विभाग प्रमुखों का एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की गई और इसे भव्य रूप देने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक की अध्यक्षता भानुप्रतापपुर एसडीएम ने किया।

एसडीएम गंगाधर वाहिले ने अधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों को निर्देश दिए कि इस आयोजन को फिट इंडिया, विकसित भारत के उद्देश्य के अनुरूप बनाया जाए। बैठक में बताया गया कि खिलाड़ियों के ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 सितंबर तक दी गई है। सभी इच्छुक खिलाड़ियों से जल्द से जल्द सांसद खेल महोत्सव के वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कराने का निर्देश है। खेल महोत्सव का आयोजन तीन चरणों में होगा जिसमे ग्रामीण स्तर, विधानसभा स्तर, लोकसभा स्तर पर आयोजित होगा. इस महोत्सव में व्यक्तिगत खेल में १०० मीटर, गेड़ी दौड़, गिल्ली डंडा, लंबी कूद तथा सामूहिक खेल में वॉलीबॉल, कबड्डी, खोखो, रस्साकस्सी जैसे खेलों को शामिल किया गया है। महोत्सव में 18 वर्ष, 19 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक के आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।




इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेल के माध्यम से अनुशासित, टीम भावना और नेतृत्व के गुणों के लिए प्रेरित करना, देश के विभिन्न हिस्सों से, खासकर गांवों और कस्बों से, जमीनी स्तर पर छुपी खेल प्रतिभाओं को ढूंढना और उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना, लोगों को खेलों से जुड़ने और सक्रिय जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना, जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके, प्रधानमंत्री के फिट इंडिया के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाना और लोगों को फिटनेस के महत्व से जोड़ना, खेलों के माध्यम से समुदाय को एक साथ लाना और नेतृत्व व टीम भावना जैसे मूल्यों को युवाओं में विकसित करना है। बीईओ भानुप्रतापपुर एसएस कोमरे ने कहा कि यह न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारेगा, बल्कि क्षेत्र में खेल संस्कृति को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने सभी खेल शिक्षकों को अधिक से अधिक खिलाड़ियों का पंजीयन करने का निर्देश भी दिए। बैठक में जीएल चुरेन्द्र सीईओ जनपद पंचायत भानुप्रतापुर, एसके बंजारे सीईओ जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल, एसएस कोमरे बीईओ भानुप्रतापुर, एसपी कोसरे बीईओ दुर्गुकोंदल, राष्ट्रीय खोखो निर्णायक रवि प्रकाश लोहसिंह सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी एव दोनों विकासखंड के खेल शिक्षक उपस्थित रहें।

# पखांजूर रक्तदान शिविर में युवकों ने दिखाया उत्साह



पखांजूर : Mother Child हॉस्पिटल में युवा ब्लड डोनर फाउंडेशन का भव्य रक्तदान शिविर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

रक्तदान को महादान साबित करते हुए पखांजुर के शासकीय मदर-चाइल्ड हॉस्पिटल में युवा ब्लड डोनर फाउंडेशन द्वारा एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में युवाओं, आम जनता और आईटीआई के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मानवता की अनूठी मिसाल पेश किया।

अस्पताल परिसर में सुबह से ही रक्तदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। युवा वर्ग ने इस पुनीत कार्य में विशेष रुचि दिखाई, जो दिखाता है कि आज की पीढ़ी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझती है। शिविर में सभी सुरक्षा मानकों और चिकित्सकीय दिशानिर्देशों का पालन किया गया, ताकि रक्तदान करने वालों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। युवा ब्लड डोनर फाउंडेशन के सदस्यों ने इस सफल आयोजन के लिए सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि रक्तदान से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह एक स्वस्थ जीवन शैली का भी हिस्सा है। भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में रक्त की कमी को पूरा करना और लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस पहल से पखांजूर के स्थानीय लोगों में सामाजिक एकता और सहयोग की भावना भी मजबूत हुई है। इस आयोजन की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जब समाज के सभी वर्ग एक साथ आते हैं, तो कोई भी नेक कार्य असंभव नहीं है।

# दुर्गूकोंदल-संबलपुर मार्ग पर होते हैं हादसे, भारी वाहनों पर रोक की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल से संबलपुर होते हुए भानुप्रतापपुर तक जाने वाले मार्ग पर इन दिनों भारी वाहनों का निरंतर आवागमन ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सिंगल रोड होने के कारण बड़ी गाड़ियों की लगातार आवाजाही से आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर इस मार्ग पर भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि संकरी सड़क पर बड़े-बड़े ट्रक और मालवाहक वाहन तेज रफ्तार से चलने के कारण कई बार छोटे वाहन और पैदल राहगीर दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की चौड़ाई कम होने के बावजूद बड़े वाहनों को गुजरने वाली वाहनों से, जिससे आमजन का आवागमन असुरक्षित हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए भंडारडिगी में कुछ समय पहले बेरिकेट लगाए गए थे, ताकि भारी वाहन इस मार्ग से न गुजर सकें। लेकिन भारी वाहनों के दबाव के चलते ये बेरिकेट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। परिणामस्वरूप ट्रकों और अन्य बड़े वाहनों की



आवाजाही फिर से शुरू हो गई है और दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है।

इस समस्या को लेकर पूर्व सरपंच धनेश नरेटी, ग्राम पटेल गायता, अशोक शोरी, वेद गावड़े, खमेश नरेटी, नंदू कुलदीप सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि यदि प्रशासन ने तुरंत ठोस कदम नहीं उठाए तो किसी भी समय बड़ी जनहानि हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर स्कूल जाने वाले बच्चे, दुपहिया वाहन चालक और स्थानीय व्यापारी सबसे ज्यादा खतरे में रहते हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए और वैकल्पिक मार्ग से ही उनके संचालन की व्यवस्था की जाए। साथ ही क्षतिग्रस्त बेरिकेट को शीघ्र मरम्मत कर पुनः स्थापित किया जाए, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। लोगों का कहना है कि यदि उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। फिलहाल प्रशासन की ओर से किसी ठोस कार्रवाई का आश्वासन नहीं मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है।

# प्रांतीय वाद- विवाद स्पर्धा में कांकेर जिले का प्रदर्शन रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्य साक्षरता मिशन द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर राज्य स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन एससीईआरटी प्रांगण रायपुर में किया गया। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा वाद विवाद प्रतियोगिता में विकासखंड से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी टीम को जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया था।

राज्य स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में पीएमश्री सेजेस चारामा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसे 7000 नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर सेजेस पटौद रहा जिसे 5000 नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा तृतीय स्थान पर हायर सेकेंडरी स्कूल बैजनपुरी रहा जिसे 3000 नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ और साथ ही 5 स्कूलों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक को 2000



रुपए प्राप्त हुआ। उक्त तीनों स्कूलों को 06 सितंबर को संभाग स्तरीय जगदलपुर में वाद विवाद प्रतियोगिता में संयुक्त टीम बनाकर 3 राउंड के लिए 3 टीम बनाकर शामिल किया गया, जिसमें संभाग में एक टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसे 8000 रुपए नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा दूसरी टीम को तृतीय स्थान मिला जिसे 6000 प्राप्त हुआ। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन पुष्पांजलि ठाकुर ने बताया कि उक्त दोनों टीमों को राज्य स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में शामिल किया गया। इन दोनों टीम में तीनों स्कूलों के बच्चों ने संयुक्त रूप से प्रस्तुति दी, जिसमें दोनों टीमों को सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक को 10000 रूपए प्राप्त हुआ। सभी बच्चों को जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, लक्ष्मण कावडे, बीईओ केआर सिन्हा कांकेर, प्राचार्य सीता राम सलाम, प्राचार्य डीएस निषाद, प्राचार्य गौतम राम सोनवानी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लीला राम ध्रुव, लेखापाल, दीपेश निर्मलकर डाटा एंट्री ऑपरेटर, प्रभारी शिक्षक आदित्य पूरी गोस्वामी, गौरी शंकर पटेल, वंदना पटेल, नमिता उयके, मनीष नेताम उपस्थित रहे।

# बीएसएफ जवानों ने मानवीय सेवा का दिया संदेश, किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल में शुक्रवार को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 178 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के 27 जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनोज किशोरे और डॉ. हेमंत कश्यप ने अपने स्टाफ सहित सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर को सफल बनाने में स्थानीय स्वास्थ्यकर्मियों के साथ-साथ कांगलु कुम्भार शासकीय महाविद्यालय दुर्गकोंडल के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और रक्तदान की इस महाअभियान को नई ऊँचाई दी। शिविर में उपस्थित



बीएसएफ समादेष्टा रवि भूषण ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान है। यह ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे अनगिनत जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं। समाज का हर वर्ग यदि इसमें सक्रिय भाग ले, तो न केवल जरूरतमंदों की मदद होगी बल्कि मानवता की सेवा भी होगी। शिविर के दौरान रक्तदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में कुल मिलाकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, विद्यार्थी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। रक्तदान के बाद सभी दाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्रामीणों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी बीएसएफ जवानों की इस सराहनीय पहल की जमकर प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में जागरूकता बढ़ती है तथा युवाओं में भी सेवा भाव का संचार होता है।

# पूर्व विधायक के बयान पर सियासी पारा चढ़ा, भाजपाइयों ने दी तीखी प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

- सत्ता जाने की बौखलाहट, अनर्गल प्रलाप कर रहे

पूर्व विधायक अनूप नाग के द्वारा जारी बयान के उपरांत अंतागढ़ का सियासी पारा चढ़ गया है, अब भाजपा के नेताओ ने खासी नाराजगी जताते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है।

भाजपा के मंडल अध्यक्ष महेश उइके व पूर्व मंडल अध्यक्ष जीतू मरकाम ने भी संयुक्त रूप से मीडिया से रूबरू होते हुए पूर्व विधायक अनूप नाग द्वारा लगाए आरोपों को निराधार बताया और बताया कि पूर्व विधायक सत्ता जाने के बौखलाहट में अनर्गल बयानबाजी विज्ञप्ति के जरिए करते हुए सरकार की छवि खराब कर रहे है और यह भी बताया कि भारतीय जनता पार्टी में किसी भी प्रकार की गुटबाजी नहीं है। जिस प्रकार से पूर्व विधायक सांसद नाग



और विधायक विक्रम देव उसेंडी के बीच मतभेद की बात कर रहे है, पूरी तरीके से बेबुनियाद है। दोनों ही नेता क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिस गुटबाजी का आरोप पूर्व विधायक ने बीजेपी पर लगा रहा वे स्वयं अपने गिरेबान पर झांक कर देखें उनके खुद के विधायक के कार्यकाल में कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर थी, जिसका नतिजा यह रहा की पार्टी ने ही विधानसभा चुनाव में उनकी टिकट ही काट दी यानी जिस थाली में खाया उसी में छेद की कहवात उन्होंने खुद ही चरितार्थ किया। टिकट ना मिलने पर अपने ही पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ा, जहां उन्होंने अपना जमानत भी नहीं बचा पाए और अब उसी पार्टी में वापिस आने के लिए एड़ी-चोटी एक कर जगह-जगह नाक रगड़ते पार्टी में शामिल होने अपनी छटपटाहट दिखा रहे हैं। पार्टी उनको भाव नहीं दे रही है। क्षेत्र के बेरोजगार युवकों का चिंता करने और उनके हितैशी होने की बात करने वाले पूर्व विधायक द्वारा स्वयं नगरपंचायत कांपलेक्स के नीलामी में भाग लेकर क्षेत्र के बेरोजगार युवक से उसका रोजगार का सहारा छीन लिया । पूर्व विधायक ने जिस बहुचर्चित अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग जिसका अपने कार्यकाल में रोड कार्य निर्माण का स्वीकृति मिलने की बात कहते हुए जबरन भूमि पूजन का स्वांग रचकर वाहवाही बटोरने की कोशिश की, अब भाजपा पर आरोप लगा कर वाहवाही लेना चाह रहे हैं। जबकि उसी सड़क निर्माण से संबंधित दस्तावेज मीडिया के समाने आज सार्वजनिक करते हुए दोनों नेताओं ने बताया कि उक्त सड़क निर्माण कार्य भी बहुत जल्द ही चालू होने वाला है, जो कि भारतीय जनता पार्टी के प्रयासों का ही नतीजा है।

## पेज 11 के शेष...

### नदी पर पुल...

ग्राम पटेल धनाजी राम उसेंडी, और ग्राम गायता भोपाल उसेंडी व जागेश्वर ने कई बार जिला प्रशासन और नेताओं को आवेदन सौंपा है। लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। ग्रामीणों का कहना है कि नदी पर स्थायी पुल का निर्माण अत्यंत आवश्यक है, ताकि 700 से अधिक की आबादी बरसात में भी सुरक्षित और निर्बाध रूप से जिले और पंचायत मुख्यालय से जुड़ी रह सके।

### थूकने पर विवाद...

लाची यादव बीच बचाव करने आए तो उन्हे भी हाथ थप्पड़ व लात से मारपीट करते हुए राधिका नेताम के द्वारा डंडा से मेरी पत्नि सुषमा को मारपीट की है। मारपीट से मुझे हाथ, सिर एंव मेरी पत्नि के दोनो हाथ एंव दाहिने हाथ की उंगली, मेरी बेटी लाची को पेट में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कृष्णा नेताम, राधिका नेताम, सीमा तेलासी व निशा नेताम के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### पीडीएस संचालक ने...

महिलाओं ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस राशन दुकान संचालक को तत्काल हटाया जाए। हितग्राहियों ने अब एसडीएम पखांजूर को लिखित शिकायत देने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि इस तरह की धोखाधड़ी से गरीब और जरूरतमंद लोगों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। इस संबंध में उचित मूल्य दुकान संचालक से बात करने का प्रयास किया गया, परंतु उन्होंने मीडिया से बात करने से साफ इनकार कर दिया है। इस संबंध में खाद्य निरीक्षक मुकेश कुमार साहू से बात करने पर उन्होंने बताया कि मीडिया के माध्यम से जानकारी मिल रही है जल्द ही धरमपुर उचित मूल्य दुकान की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के लिए जांच प्रतिवेदन एसडीएम पखांजूर को सौंपा जाएगा।

### धान के अलावा...

में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत, मान्य रकबे पर राशि 11 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार खरीफ फसल में दलहन, तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) लेने वाले कृषकों को एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन तथा गिरदावरी रकबे की पुष्टि उपरांत मान्य रकबे पर 10 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### माय भारत ने...

चाहिए। मेरा युवा भारत कांकेर के सदस्यों ने भी छात्रों को विकसित भारत के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में विकसित भारत के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाना था। छात्रों ने इस कार्यक्रम से बहुत कुछ सीखा और विकसित भारत के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरजा जुर्री व्याख्याता, उषा मरकाम व्याख्याता, दीपिका उइके व्याख्याता, कामिनी ठाकुर व्याख्याता, वॉलिंटियर अंकिता साहू एवं भावेश साहू के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं कार्यक्रम में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 बैठक में सांसद खेल महोत्सव के तैयारी की समीक्षा की, ...



12 बाल संरक्षण समिति की बैठक में विभिन्न ...





# साल का अंतिम सूर्यग्रहण कल, नहीं दिखेगा भारत में, सूतक भी निष्प्रभावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

इस साल पितृ पक्ष की शुरुआत चंद्र ग्रहण से हुई थी, तो समापन भी सूर्य ग्रहण के साथ होने जा रहा है। यह सूर्य ग्रहण कल 21 सितंबर, रविवार के दिन लगने जा रहा है। यह सूर्यग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा, जिससे सूतक का प्रभाव भी नहीं रहेगा।

ज्योतिषीय घटना 21 सितंबर को घटित होने जा रही है। दरअसल, इस दिन साल का दूसरा और आखिरी सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है, जो कि भारत में दृश्यमान नहीं होगा, लेकिन, संयोग की बात तो यह है कि साल का आखिरी सूर्य ग्रहण के दिन पितृ पक्ष का समापन होगा और सर्वपितृ अमावस्या का संयोग बनेगा। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की अमावस्या तिथि पर लगने जा रहा यह ग्रहण कन्या और उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में लगेगा। खगोलविदों के अनुसार सूर्य ग्रहण तब लगता है, जब चंद्रमा पृथ्वी और सूर्य के बीच में आ जाता है, जिससे सूर्य की रोशनी आंशिक रूप या पूर्णरूप से छिप जाती है, इससे पृथ्वी पर एक छाया बनती है, जो पूर्ण, आंशिक या वलयाकार ग्रहण के रूप में दिखाई देती है। भारतीय समय के अनुसार 21 सितंबर को लगने वाला सूर्य ग्रहण रात 11 बजे शुरू होगा और इसका समापन देर रात 3 बजकर 23 मिनट पर होगा, इस ग्रहण की कुल अवधि 4 घंटा से ज्यादा की होगी।

### सूर्य ग्रहण रात 11 बजे से और समापन 3.23 बजे, ग्रहण की अवधि चार घंटे से ज्यादा की होगी




### सूतक का नहीं रहेगा प्रभाव

साल का यह अंतिम सूर्य ग्रहण दक्षिणी गोलार्ध के कई हिस्सों में दिखेगा जिसमें अंटार्कटिका, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिमी प्रशांत महासागर, न्यूजीलैंड और अफ्रीका के कई हिस्से शामिल होंगे, जहां यह ग्रहण नजर आने वाला है। ज्योतिषियों के अनुसार, भारत में यह ग्रहण दृश्यमान नहीं होगा, इसलिए इसका धार्मिक और आध्यात्मिक प्रभाव भारत में नहीं पड़ेगा। इसलिए सूतक का प्रभाव भी भारत में नहीं रहेगा।

## खबर संक्षेप

### वामन ने बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित



**नरहरपुर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थानाबोड़ी के छात्र वामन कुमार निषाद ने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में आयोजित संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बॉक्सिंग खेल में शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल किया था, उसके उपरींत राज्यस्तरीय खेल रायपुर में हुआ, जहाँ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही उनका चयन राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

### शराब पीने पर एक पर की कार्रवाई

**कांकेर।** अंतागढ़ पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि



एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहा है, जिससे आने जाने वाले लोगो को परिशानी हो रही है। पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए मौके से भानुप्रतापपुर थानांतर्गत किनारी निवासी आरोपी सतीश समरथ को 17 सितंबर को पकड़ा पकड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर की खुदकुशी कारण अज्ञात, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत थानेश्वर कुंजाम ने अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर लिया। भागवान कुंजाम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 18 सितंबर को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या किया। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने पुलिस ने जुटी हुई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### आपदा से निपटने राज्य स्तरीय प्रशिक्षण 23 को

**कांकेर।** भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा राज्य में बाढ़ आपदा को दृष्टिगत रखते हुए 23 सितम्बर को सभी जिलों में टेबल टॉप एक्सरसाईज एवं 25 सितम्बर को मॉक एक्सरसाईज आयोजित किया जाएगा। जिले में 23 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से टेबल टॉप एक्सरसाईज आयोजित की गई है। उक्त वीसी में संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयावधि में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

### राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता आज होगी

**दुर्गूकोंदल।** हानपतरी में आज 20 सितंबर शनिवार की शाम 8 बजे से राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में सामूहिक नृत्य, युगल नृत्य और एकल नृत्य में होगी। सामूहिक नृत्य में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले को क्रमशः (प्रवेश 4001 रूपएं, 2001 रूपएं, 1001 रूपएं, युगल नृत्य में क्रमशः 2501, 1601, 851 रूपएं और एकल नृत्य में क्रमशः 1501, 1001 और 501 रूपएं दिया जाएगा।

### इलाज से पहले हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए 37 वर्षीय रिषभ शुक्ला का मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने 17 सितंबर को मृतक का परिक्षण कर बताया कि उसका मौत हो चुका है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

---

समस्या : लोक निर्माण विभाग के अफसरों की लापरवाही के कारण ऐसी बनी परिस्थिति

# करोड़ों की जामगांव-नरहरपुर सड़क सालभर में ढेर, दर्जनभर गांव के लोग की बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

- स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कई बार की शिकायत, विभाग ने नहीं दिखाई गंभीरता
- ग्रामीणों का कहना है कि सिक्सलेन बनाने के लिए आने वाले वाहनों के कारण सड़क की परतें हुई गायब

जामगांव से नरहरपुर विकासखंड मुख्यालय को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग को एक वर्ष पूर्व करोड़ों रुपए की लागत से बनाया गया था, परंतु यह सड़क एक साल में ही जर्जर हो गई है। एक साल में सड़क की ऐसी बनी कि चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभाग के आला अफसरों के संज्ञान में लाया, परंतु विभाग के जिम्मेदारों ने गंभीरता नहीं दिखाई।

विकासखण्ड नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम जामगांव-नरहरपुर मार्ग एक साल में ही उखड़ गई। ग्रामवासियों का कहना है कि यह सड़क अब चलने लायक भी नहीं रही। सड़क में जगह-जगह बने गहरे गड्ढे, टूटी हुई सतह और



कीचड़ से भरे हिस्से न केवल परेशानी खड़ी कर रहे है, बल्कि जीवन को जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसी सड़क में बीमारों को अस्पताल ले जाना मुश्किल हो गया है और किसान अपनी उपज को बाजार तक नहीं पहुंचा पाएंगे। ग्रामीणों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री और भ्रष्टाचार का खेल हुआ था, जिससे सड़क एक साल नहीं चल पाई। सड़क की हालत इतनी जल्दी बिगड़ने से साफ जाहिर होता है, न इंजीनियरिंग सही रही और न निगरानी सही रही। इसी के चलते लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर उंगली उठ रही है। इस सड़क में जगह जगह हुए गड्ढे से वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए यह रास्ता जिंदगी और मौत के बीच का सफर बन गया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से चेताया है कि यदि संबंधित लोक निर्माण ने तत्काल संज्ञान नही लिया, तो ग्रामीण सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि सड़क निर्माण में इतनी बड़ी लापरवाही के बावजूद कोई कार्रवाई होगी। या कागजों में सिमट कर रह जाएगी। करोड़ों रुपए की सार्वजनिक संपत्ति के ऐसे नुकसान पर कोई अधिकारियों या ठेकेदार को जवाबदार ठहराया जाएगा।

### दुधावा से बासनवाही सड़क पर केवल नजर आ रहे गड्ढे

दुधावा से बासनवाही प्रधानमंत्री सड़क की है। भारतमाला प्रोजेक्ट के अंर्तगत अभनपुर से विशाखापटनम सिक्स लेन निर्माण में बड़े बड़े हाइवा चलने के कारण इस सड़क में भी जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है, जिसके चलते दो पहिया एवं चार पहिया वाहन आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। बासनवाही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाय से माँग किया है कि भारतमाला के ठेकेदारों से पैनलटी राशि लेकर बारिश के समाप्त होते ही सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत कराया जाएं। बासनवाही के ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार औव विभाग ने ग्रामीणों की माँग को गंभीरता से नहीं लिया तो तय है कि आने वाले समय में ग्रामीण सड़क पर उतर सकते है।

---

# नदी पर पुल नहीं, बांसकुंड के आश्रित ग्रामों के ग्रामीण व स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

जिला मुख्यालय से 40-45 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बांसकुंड और इसके आश्रित ग्राम नीचे तोनका, ऊपर तोनका और चलहचुर के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इन गांवों तक पहुंचने के लिए नदी पर स्थायी पुल का अभाव सबसे बड़ी समस्या बन गया है।

ग्रामीणों को राशन दुकान, साप्ताहिक बाजार, स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में कठिनाई होती है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है, जिन्हें हर दिन नदी पार करनी पड़ती है। बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी विकट हो जाती है, जब 4 से 6 महीने तक गांव पूरी तरह से कट जाते हैं। पुल न होने के कारण ग्रामीण नदी पार करने के लिए बांस और बल्ली से बने अस्थाई पुल का सहारा लेते हैं। यह पुल न तो सुरक्षित है और न ही मजबूत, जिसके कारण कई बार हादसे हो चुके हैं और ग्रामीण अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद लोग मजबूरी में इसी रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। बरसात में जलस्तर अचानक बढ़ जाने से नदी पार करना असंभव हो जाता है। ऐसी स्थिति में गर्भवती महिलाओं या बीमार ग्रामीणों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पाती। वहीं, बच्चों की पढ़ाई भी बुरी तरह प्रभावित होती है। ग्राम पंचायत बांसकुंड के सरपंच सगनू राम उयके, उपसरपंच मनोज कुमार यादव, जनपद सदस्य सरोज मरकाम, ⏭ शेष पेज 10 पर

---

## थूकने पर विवाद व मारपीट, पति-पत्नी और बेटी घायल, चार पर केस फाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अघन नगर के गली में थूकने की बात को लेकर जमकर विवाद हो गया। विवाद धीरे धीरे तूल पकड़ने लगा और मारपीट में बदल गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे अघन नगर कांकेर निवासी 45 वर्षीय शिव कुमार यादव पिता स्व. दयालू राम यादव ने पुलिस को बताया कि 18 सितंबर को शाम साढ़े 7 बजें बाजार से अपने घर अघन नगर जा रहा था। रास्ते मे मेरे मोहल्ले के कृष्णा नेताम मुझे देखकर मेरे गाड़ी के सामने थूक दिया, जिसे मैने



बोला कि मुझे देखकर क्यो थूके हो। ऐसा बालने पर आरोपी ने तुम मुझे थूकने से मना करने वाला कौन होता है, बोलकर गाली देना शुरू कर दिया। मेरे घर के पास अपनी पत्नि राधिका नेताम, बहन सीमा, निशा को साथ लेकर आया और सभी एक राय होकर मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगे। मारपीट को देखकर मेरी पत्नि सुषमा यादव, मेरी बेटी ⏭ शेष पेज 10 पर

## सटेली में मनाया गया पोषण पखवाड़ा

**दुर्गूकोंदल।** सटेली में पोषण पखवाड़ा बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कुपोषण को खत्म करना और बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा शिशुवती माताओं में पौष्टिक आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान पोषण प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मोटे अनाज, हरी सब्जियों और फल के महत्व को बताया गया। गर्भवती और शिशुवती माताओं को स्वस्थ आहार और एनीमिया से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर आँगनबाड़ी



कार्यकर्ता शारदा बघेल,ईश्वरी राना, रजमत बारला, फूलो बाई नरेटी, रमूला, निर्मला, मितानिन बिशोन नरेटी, गीताबाई यादव, सोहद्रा पटेल, मुन्ना बाई नरेटी,कृष्णा पटेल आदि उपस्थित थे।

## पीडीएस संचालक ने राशन वितरण में की गड़बड़ी, हितग्राहियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

शासन द्वारा तीन महीने का एकमुश्त राशन वितरण करने के निर्देश के बावजूद, पखांजूर के बांदे तहसील अंतर्गत धरमपुर पंचायत की पीव्ही 92 पीडीएस दुकान में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। दुकान संचालक अभिजीत तरफदार पर आरोप है कि वह हितग्राहियों का राशन हड़प रहा है और उन्हें अधूरा राशन देकर दुर्व्यवहार कर रहा है।

पीड़ितों के अनुसार दुकान संचालक फिंगरप्रिंट लेने और कार्ड पर एंट्री करने के बाद भी हितग्राहियों को पूरा राशन नहीं दे रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें सिर्फ आधा



राशन दिया जा रहा है और बाकी राशन बाद में देने का बहाना बनाकर टाल दिया जाता है। धरमपुर शांतिपारा की निर्मला ने बताया कि फिंगरप्रिंट और कार्ड एंट्री के बावजूद उन्हें पूरा राशन नहीं मिला। महिला शापिरा एक्का ने शिकायत की कि उन्हें तीन महीने के बजाय केवल दो महीने का चावल दिया गया, जबकि डीलर ने पहले ही उनके फिंगरप्रिंट ले लिए थे। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी वे राशन के बारे में पूछते हैं, दुकान संचालक उन्हें दुत्कारता और दुर्व्यवहार करता है। इस मनमानी से परेशान होकर धरमपुर के ग्रामीणों और ⏭ शेष पेज 10 पर

---

फसल विविधकरण प्रोत्साहन से किसान होंगे लाभान्वित

# धान के अलावा अन्य फसलों की खेती पर किसानों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- कृषक उन्नति योजना का नया नियम हुआ जारी, करना होगा आवेदन

फसल विविधकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्म निर्भरता के लक्ष्य के साथ योजनान्तर्गत चिन्हित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है। उसी के तहत धान के अलावा अन्य फसल लेने वाले कृषकों को रबी फसल पर 11 हजार एवं खरीफ पर 10 हजार रूपए प्रति एकड़ देने का निर्णय विभाग ने लिया है।

राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत राहत देने के लिए कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। गौरतलब है कि राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमीय प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है, फलस्वरूप कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते हैं। राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार विगत खरीफ एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाई हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल के लिए एकीकृत किसान पोर्टल ⏭ शेष पेज 10 पर



### अधिकारी करेंगे मदद, करना होगा आवेदन

*कृषि विभाग के उपसंचालक जितेंद्र कोमरा ने इस विषय पर कहा कि जिले के किसान इस विषय पर अधिक से अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में पंजीयन के लिए समिति में आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते हैं।*

## माय भारत ने विकास दिवस पर की पुसवाड़ा स्कूल में निबंध स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शासकीय हाईस्कूल पुसवाड़ा में माय भारत कांकेर माय भारत के तत्वाधान में विकास दिवस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता किया गया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विकास दिवस पर निबंध प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें प्रथम स्थान रूबी कोर्राम, दूसरा स्थान तोषनी नेताम, तृतीय स्थान रेणुका पटेल जिससे छात्रों में उत्साह और बढ़ गया। शासकीय हाईस्कूल पुसवाड़ा के प्राचार्य मंजू साहू ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए निरंतर प्रयास करना ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### महिला आईटीआई कांकेर में 23 को प्लेसमेंट कैंप

**कांकेर।** शासकीय महिला आईटीआई कांकेर में आगामी 23 सितम्बर दिन मंगलवार को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्राइवेट कंपनी द्वारा रिलेशनशिप ऑफिसर और सिनियर रिलेशनशिप ऑफिसर के पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं तथा स्नातक उत्तीर्ण तथा आवेदक की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तक निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी द्वारा प्रतिमाह 15 हजार रुपए वेतन तथा 04 हजार रुपए पेट्रोल भत्ता, 02 हजार रुपए से 12 हजार रुपए तक इन्सेंटिव के साथ ही निःशुल्क आवास, पी.एफ. एवं ईएसआईसी सुविधाएँ दी जाएंगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को प्रातः 11 बजे शासकीय महिला आईटीआई कांकेर में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

### युवक की हुई मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान 22 अगस्त को 40 वर्षीय नरेंद्र रजक का मौत होने पर थाना कांकेर में शुन्य पर मर्ग कायम किया था। मर्ग डायरी नरहरपुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**बैठक : पीएम केयर योजना की दी जानकारी**

# बाल संरक्षण समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा, कलेक्टर ने स्कूल बैग बांटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिला बाल संरक्षण समिति, टास्क फोर्स, अवैध प्रवास, विशेषज्ञों का पैनल, बालक कल्याण समिति की पुनर्विलोकन तथा स्पासंरशिप एवं फास्टर केयर अप्रुवल कमेटी की समीक्षा बैठक कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने लिया। बैठक में जिले से कोरोना काल में माता-पिता को खो चुके 04 बच्चों को पीएम केयर्स योजना के तहत लाभान्वित कर उन्हें स्पासंरशिप योजना, महतारी दुलार योजना एवं अन्य योजना से लाभ प्रदान किया गया है। ऐसे बच्चों को स्कूल बैग प्रदान किया गया।



आयोजित बैठक में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के लिए अंतर्विभागीय समन्वय से इस वर्ष 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों 185 ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त करने के संबंध में कार्यवाही करने ग्राम पंचायत स्तरीय एवं वार्ड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की सक्रियता एवं उनके भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। देखरेख संस्थाओं में निवासरत अनाथ बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड बनाए जाने में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने के संबंध में चर्चा करते हुए संकटग्रस्त बालकों, भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों तथा दिव्यांग बच्चों के पहचान के लिए पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण कार्य कराए जाने एवं कृषि कार्यों के उपरांत मौसमी एवं अस्थायी पलायन करने वाले परिवारों के सर्वे एवं उनका पंजी संधारण कराये जाने के लिए निर्देश दिया गया। शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत अनाथ एवं परित्यक्त बालकों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप 25 प्रतिशत सीट आरक्षित कर प्रवेश दिए जाने एवं वंचित बालकों का सर्वेक्षण कराए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बालगृह बालिका, किशोर न्याय बोर्ड, बालक कल्याण समिति की भवनों की मरम्मत तथा चाइल्ड लाइन एवं विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी के लिए भवन के संबंध में चर्चा किया गया। जिले में नवीन बाल सम्प्रेक्षण गृह बालक 25 सीट तथा बालगृह बालक 25 सीट की स्वीकृति राज्य शासन से स्वीकृति प्रदान की गई, जिसके संचालन के लिए मुख्य नगरपालिका से भवन की उपलब्धता के संबंध में चर्चा किया गया।

समीक्षा बैठक में डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज, जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन, जिला महिला एवं विकास अधिकारी अनुकूल पाण्डे, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, उपसंचालक, समाज कल्याण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नगर पालिका अधिकारी, पुलिस विभाग, आरईएस एवं अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# परलकोट में जर्जर सड़कों के कारण टूट रहे रिश्ते ग्रामीणों का बढ़ रहा आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजूर

दुर्गुकोंदल, बड़गांव, कापसी, पखांजूर और बांदे सहित परलकोट क्षेत्र के ग्रामीण, स्टेट हाईवे क्रमांक 25 की खराब हालत को लेकर बेहद परेशान हैं। इन जर्जर सड़कों की वजह से अब न सिर्फ आवागमन में दिक्कतें आ रही हैं, बल्कि यह लोगों के निजी जीवन और सामाजिक संबंधों पर भी बुरा असर डाल रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की दुर्दशा के कारण कई बार तय होते-होते रिश्ते भी टूट रहे हैं।

ग्रामीणों ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि जब लड़के वाले सगाई के लिए परलकोट आते हैं, तो खराब सड़कों को देखकर निराश हो जाते हैं और आगे बात नहीं बढ़ाते हैं। एक ग्रामीण ने बताया कि कई बार लड़की पक्ष के लोग, परलकोट क्षेत्र की दयनीय स्थिति देखकर, गांव के बारे में नकारात्मक राय बना लेते हैं। शादी तय होने के बाद भी जब वे गांव आते हैं और गड्ढों से भरी सड़कें देखते हैं, तो वे असहज महसूस करते हैं और रिश्ता तोड़ने का फैसला कर लेते हैं। गुस्साए ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और स्थानीय नेताओं से सख्त लहजे में कहा है कि राजनीति का मतलब केवल आरोप-प्रत्यारोप या सरकारी योजनाओं का बखान करना नहीं है। उनका कहना है कि नेताओं को अपने पद और प्रभाव का इस्तेमाल क्षेत्र की सड़कों को तत्काल दुरुस्त कराने के लिए करना चाहिए। ग्रामीणों का मानना है कि अगर यही स्थिति रही, तो परलकोट जल्द ही पिछड़े क्षेत्रों की सूची में शामिल हो जाएगा और इसकी छवि और भी खराब हो जाएगी। उन्होंने नेताओं से परलकोट की धूमिल हो रही छवि को सुधारने के लिए तुरंत पहल करने की मांग की है।

# कोकानपुर की छात्र-छात्राओं ने बैंक और थाने का किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोरर

हाई स्कूल कोकानपुर के छात्र छात्राओं और स्टॉफ के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक और थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। गणित क्लब प्रभारी व्याख्याता शेखर महलवार ने बताया कि गणित और सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रम में बैंकिंग शामिल है। इस प्रकार कि गतिविधियों से छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है। पूर्व के वर्षों में इसी प्रकार के आयोजन से छात्रों को इसका लाभ मिला है, इसलिए ऐसा आयोजन संस्था प्राचार्य शकुन्तला ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया है।



भारतीय स्टेट बैंक कोरर शाखा प्रभारी कल्पना गावड़े के साथ फील्ड अफसर रोशन सिंह और केशियर चंद्रप्रभा ने बैंक में संचालित विभिन्न गतिविधियों को विस्तार से बताया विभिन्न प्रकार के फॉर्म, खातों के प्रकार, उसमें मिलने वाले ब्याज, लोन के प्रकार, शासन द्वारा संचालित योजनाओं को बताया। ग्राम कोकानपुर उपसरपंच योगिता राघवेंद्र राजपूत ने शाखा प्रभारी को अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद छात्रों ने कोरर थाना का भ्रमण, कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता डोगेंद्र सिंह कश्यप के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता व कन्हैया लाल पटेल ने थाने की गतिविधियों को विस्तार से बताया। भारतीय दण्ड संहिता में छात्रों के लिए उनसे जुड़े कानून को लेकर सभी छात्रों को समझाइश दी गई और छात्रों को प्राथमिकी दर्ज करने, विवेचना करने, गश्त कर क्षेत्र की कानून व्यवस्था बनाए रखने, ट्रैफिक के नियमों की जानकारी बिना हेलमेट वाहन न चलाने मोबाइल से चल रहे क्राइम साइबर अपराध आदि की जानकारी दी। शाला विकास एवं प्रबंध समिति अध्यक्ष माखन सिंह मंडावी ने थाना स्टॉफ को सहयोग करने के लिए विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में व्याख्याता जयश्री कावड़े, अनामिका साहू, हलाली कुदराम, और करुणा देहारी के साथ शाला प्रबंध समिति के सदस्यगण भी शामिल रहे।

# विद्युत दर वृद्धि पर शिवसेना ने तुड़गे में बिजली बिल फूंके

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

प्रदेश में महंगाई की मार झेल रही जनता अब बिजली दरों में हुई बेतहाशा वृद्धि से परेशान है। इसी कड़ी में शिवसेना द्वारा गांव-गांव जाकर ग्रामीणों की समस्याओं को जानने एवं उनके समाधान के लिए संघर्ष किया जा रहा है।



शिवसेना प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा ग्राम तुड़गे पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से भेंटकर उनकी परेशानियों को सुना। ग्रामीणों ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा लगातार बिजली दरों में की जा रही वृद्धि से आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। शिवसेना नेताओं ने आरोप लगाया कि विष्णु देव सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक ओर महंगाई से पहले ही आम आदमी का जीवन कठिन हो गया है, वहीं दूसरी ओर बिजली दर वृद्धि ने जनता की कमर तोड़ दी है। जनता की आवाज को मुखर करते हुए शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ग्राम तुड़गे में बिजली बिल जलाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर चंद्रमौली मिश्रा ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि तत्काल विद्युत दर वृद्धि वापस नहीं ली गई तो जनता सड़कों पर उतरकर सरकार को करारा जवाब देने के लिए तैयार खड़ी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। शिवसेना ने स्पष्ट किया कि वह जनता के हक की लड़ाई लड़ने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी।

# आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सरोना की आमसभा में आय-व्यय किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सरोना की वार्षिक आमसभा उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर समिति भवन परिसर किसानों और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी से खचाखच भरा हुआ था। आमसभा का मुख्य आकर्षण 2024-25 के आय-व्यय का विस्तृत विवरण तथा आगामी वर्ष 2025-26 की योजनाओं का खाका रहा। सभी अतिथियों ने किसानों के महत्व और सहकारी समितियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किए।



समिति प्रबंधक वरुण साहू ने विस्तार से 2024-25 की आय-व्यय संबंधी जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार समिति ने बीज, खाद, ऋण और आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति किसानों तक पहुंचाई और समिति की आमदनी तथा खर्चों का संतुलन कायम रखा और इसके साथ ही उन्होंने आगामी वर्ष के लिए योजनाओं का खाका पेश करते हुए कहा 2025-26 में समिति किसानों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर देगी। सिंचाई, बीज की गुणवत्ता और समय पर ऋण वितरण हमारी प्राथमिकता होगी। सभा में ग्राम समिति अध्यक्ष अजय हिरवानी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा समिति केवल एक संस्था नहीं, बल्कि किसानों की ताकत है। जब किसान संगठित होकर आगे बढ़ेंगे तभी गांव और समाज का विकास संभव होगा। जीवन नेताम ने किसानों से संवाद करते हुए समिति को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया और सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की। सभा के दौरान किसानों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। खाद और बीज की उपलब्धता, ऋण वितरण, फसल की मंडी में उचित कीमत, सिंचाई साधनों की कमी और तकनीकी जानकारी जैसे मुद्दों पर किसानों ने अपनी बात रखी। किसानों ने समिति की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि समय पर खाद-बीज उपलब्ध होने से उनकी खेती में सहूलियत हुई है। सभा के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और यह निर्णय लिया गया कि समिति किसानों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखेगी। भविष्य में प्रशिक्षण शिविर, कृषि तकनीक संबंधी कार्यशालाएं और जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे। सभा में पूर्व सरपंच सुरज कोराम, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, अनिल गजपाल, राजकुमार नाग, सुरेश साहू, जनक कोराम, बिनु शोरी, रुप नारायण निषाद, अजित भास्कर, मुकेश नेताम, संजीत शोरी, खेमराज जैन, संजय नेताम, राजेश रामटेके मंचासीन रहे।

# ग्रामीणों की चेतावनी, एचएम के नहीं लौटेने पर विद्यालय में जड़ेंगे ताला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

प्राथमिक शाला डंडईखेड़ा में लंबे समय से पदस्थ प्रधान अध्यापक का अन्यत्र संलग्न किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान अध्यापक को प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास शाहवाड़ा में अटैच कर दिया गया है, जिसके चलते विद्यालय की नियमित शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं। यदि आगामी 27 सितंबर तक प्रधान अध्यापक को मूल विद्यालय लौटाकर पुनः पदस्थापना नहीं की जाती, तो ग्रामीण स्कूल में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। डंडईखेड़ा के ग्रामीणों ने इस संबंध में शुक्रवार को सामूहिक रूप से नायब तहसीलदार दुर्गुकोंदल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि प्रधान अध्यापक राजेन्द्र मंडावी को पुनः पदस्थापना नही किया गया तो ग्रामीण मजबूरन आंदोलन का सहारा लेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है और शैक्षिक गुणवत्ता गिर रही है।



ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि अटैचमेंट की प्रक्रिया से गाँव के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने मांग की कि प्राथमिक शाला डंडईखेड़ा में नियमित रूप से अध्यापन कार्य सुनिश्चित कराया जाए ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शोपसिंह आंचला, दानसू राम, राजाराम पुडो, राजेंद्र उसेंडी, धनऊराम सहित कई प्रमुख ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# कर्मकार कल्याण मंडल का श्रमिक पंजीयन कार्यक्रम से श्रमिकों में उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजना कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत श्रमिकों का पंजीयन 19 सितंबर को सामुदायिक भवन भानुप्रतापपुर में प्रारंभ किया गया। यह कार्यक्रम जिला श्रम कार्यालय एवं राजमिस्त्री संघ भानुप्रतापपुर के बैनर तले आयोजित हुआ।



मुख्य अतिथि ने कहा कि मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता, श्रमिक मित्र एवं दिव्यांग सहायता, श्रमिक सियान सहायता, श्रमिक पेंशन सहायता, श्रमिक आवास सहायता, श्रमिक बच्चों के लिए निःशुल्क गणवेश, पुस्तक-कॉपी सहायता, नैनीताल छात्रवृत्ति, नोनी बाबू मेघावी शिक्षा सहायता, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता, मिनीमाता महतारी जतन, श्रमिकों के बच्चों के लिए उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन, मुख्यमंत्री साइकिल सहायता, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता, श्रमिक औजार एवं सुरक्षा उपकरण सहायता, कौशल विकास एवं परिवार सशक्तिकरण, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मजदूर पुनर्वास सहायता योजना, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर मासिक सीजन टिकट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र योजना, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक निःशुल्क कार्ड योजना। इन योजनाओं का लाभ 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को मिलेगा। पंजीयन के लिए श्रमिक का कम से कम 90 दिवस का कार्य अनुभव आवश्यक है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, अध्यक्षता राजमिस्त्री संघ के अध्यक्ष अनु कुरेटी ने किया। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, पूर्व पार्षद अशोक सोलंकी, भाजपा कार्यकर्ता त्रिलोक चंद चोपड़ा, श्रम निरीक्षक टीपी तिवारी, उपश्रम निरीक्षक विवेक साव, अविनाश कुमार साहू, श्रम कल्याण निरीक्षक प्रवीण सुकटेल व सुरेश कुमारउपस्थित रहे।

# विभिन्न पदों पर दावा आपत्ति 24 तक मौका

**कांकेर।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006 के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर जिला स्तरीय समन्वयक तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर एमआईएस सहायक की नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए निर्धारित मानदेय पर किया जाना है। इसके लिए सहायक आयुक्त कार्यालय आदिवासी विभाग द्वारा 10 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसके परीक्षण पश्चात पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है। जिसका अवलोकन कांकेर जिले के वेबसाईट में किया जा सकता है। उक्त सूची के संबंध में यदि किसी को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे 24 सितंबर को सायं 04 बजे तक आवश्यक अभिलेख सहित स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।













